**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 17.01.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- अंडमान निकोबार पुलिस ने कल अपना 74वां स्थापना दिवस मनाया– हम्फ्रीगंज पुलिस स्टेशन को द्वीप समूह का सर्वश्रेष्ठ पुलिस स्टेशन घोषित किया गया।
- कृषि विभाग की ओर से केन्द्रशासित प्रदेश योजना के तहत रासायनिक उर्वरकों की बिक्री शुरू कर दी गई है।
- रिटर्निंग ऑफिसर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मतदान केंद्रों की तैयारियों और आदर्श चुनाव आचार संहिता के पालन पर चर्चा की गई।
- श्री विजयपुरम में 27 जनवरी से सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस के 74वें स्थापना दिवस के अवसर पर कल पुलिस लाइन्स परेड ग्राउंड में भव्य परेड का आयोजन किया गया। परेड में कार्यकारी पुलिस, आईआरबीएन, अग्निशमन सेवा, अंडमान निकोबार पुलिस ब्रास बैंड और लेडीज पाइप बैंड की टुकड़ियों ने हिस्सा लिया। उप कमान्डेंट नवीन कुमार के नेतृत्व में पुलिस महानिदेशक हरगोबिंदर सिंह धालीवाल ने परेड की सलामी ली। इस अवसर पर हम्फ्रीगंज पुलिस स्टेशन को द्वीप समूह का सर्वश्रेष्ठ पुलिस स्टेशन घोषित किया गया। उत्कृष्ट सेवा के लिए 42 कर्मियों को डीजीपी प्रशंसा डिस्क से सम्मानित किया गया। पुलिस महानिदेशक ने अपने संबोधन में विभाग की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

**पुलिस महानिदे**

कार्यक्रम के एक भाग के रूप में शाम को 'एट होम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपराज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। पुलिस महानिदेशक ने उपराज्यपाल और प्रशासन को उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कल से शुरू हुआ ये समारोह एक सप्ताह तक चलेगा।

<><><><><><><>

74वें अंडमान निकोबार पुलिस स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में, मध्योत्तर अंडमान जिला पुलिस की ओर से मायाबंदर के नेताजी स्टेडियम में आयोजित एसपी कप विंड बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट (सीजन–II) के फाइनल

मैच खेला गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक श्वेता के. सुगाथन, ने किया। इस अवसर पर एडीएम एस. कृष्णा चैतन्य, एसडीपीओ डिगलीपुर अंकेश यादव, एसडीपीओ रंगत चंदन जी. एस. और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र की नौ टीमों ने भाग लिया। ए.एस.एम. और बंगाल टाइगर्स के बीच खेले गए फाइनल मुकाबले में ए.एस.एम. ने जीत हासिल की। समापन समारोह के दौरान उपविजेता टीम के साथ–साथ 'सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी', 'सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज', 'सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज' और सभी प्रतिभागी टीमों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और खेल भावना के सम्मान में ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

<><><><><><><>

कृषि विभाग की ओर से उप–डिपो के माध्यम से रासायनिक उर्वरकों की बिक्री शुरू कर दी गई है। ये उर्वरक कृषि विभाग की केंद्र शासित प्रदेश योजना के तहत किसानों को रियायती दरों पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। विभाग ने कहा है कि किसान अपने नजदीकी कृषि उप–डिपो से रियायती दरों पर रासायनिक उर्वरक प्राप्त कर सकते हैं। किसानों को अनधिकृत डीलरों या अवैध स्रोतों से उर्वरक खरीदने से बचने को कहा गया है। विभाग ने रासायनिक उर्वरकों की अवैध या अनधिकृत बिक्री के विरुद्ध चेतावनी देते हुए कहा कि यदि ऐसे मामले पाए जाते हैं, तो उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए किसान अपने स्थानीय कृषि उप–डिपो, क्षेत्रीय कृषि कार्यालय या किसान कॉल सेंटर से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त कार्यालय में कल उपचुनाव, वार्ड संख्या 17 के रिटर्निंग ऑफिसर की अध्यक्षता में राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य 8 फरवरी को होने वाले उपचुनाव हेतु मतदान केंद्रों की तैयारियों और आदर्श चुनाव आचार संहिता के पालन पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान रिटर्निंग ऑफिसर ने सभी सात मतदान केंद्रों की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सभी उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों से पूरी चुनाव प्रक्रिया के दौरान सहयोग करने और चुनावी नियमों व मानदंडों का कड़ाई से पालन करने का अनुरोध किया।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में 27 जनवरी से 10 फरवरी तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरिजीत बनर्जी और न्यायमूर्ति अपूर्वा सिन्हा राय मामलों की सुनवाई करेंगे।

<><><><><><><>

गुडविल एस्टेट स्थित विज्ञान केंद्र में आज विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत स्काई शो शाम 5.30 बजे से 7.00 बजे तक, बबल शो शाम 6.45 बजे, .जुरासिक पार्क (लाइट एंड साउंड) शाम 6.15 बजे, 3D शो शाम 5.30 बजे और छः बजकर पैंतालीस मिनट पर चलेगा। यह शो मौसम पर निर्भर करेगा। जुरासिक पार्क और 3D शो के लिए 20 रूपये और स्काई शो तथा बबल शो के लिए 10 रूपये प्रति व्यक्ति निर्धारित किया गया है।

<><><><><><><>

डॉ. एस. राधाकृष्णन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, गाराचरमा की ओर से दक्षिण अंडमान और विम्बर्लीगंज शैक्षिक क्षेत्रों के सभी क्लस्टर रिसोर्स सेंटरों में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता, 'अंकुरण', और स्कूल नामांकन में वृद्धि पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्म का उद्‌देश्य छात्रों की नियमित स्कूल उपस्थिति और निरंतर स्कूल नामांकन सुनिश्चित करना है।

<><><><><><><>

डॉ. आर.पी. अस्पताल, मायाबंदर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर मोहनपुर के अंतर्गत बोरंग में स्वास्थ्य शिविर और स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. एलिस बवा के पर्यवेक्षण में इस टीम का नेतृत्व डॉ. हैनी निक्यसन ने किया। शिविर के दौरान सामान्य चिकित्सा परामर्श दिया गया और दवाइयां वितरित की गईं। शिविर में सीपीआर, तपेदिक के कारणों, लक्षणों, उपचार और 'निक्षय पोषण योजना' के बारे में जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इसमें क्षेत्र के कुल 31 मरीजों की जांच की गई। स्कूली स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों के कद, वजन, हीमोग्लोबिन स्तर, दांत और कान के स्वास्थ्य की जांच की गई। पात्र छात्रों को टीडी टीकाकरण भी लगाया गया। टीम द्वारा मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता का भी निरीक्षण किया गया।

<><><><><><><>

विशेष राष्ट्रीय एकता शिविर के हिस्से के रूप में, राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेटों के लिए नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वीप और नॉर्थ बे का एक शैक्षणिक दौरे का आयोजन किया गया। इस यात्रा का उद्देश्य कैडेटों में

देशभक्ति की भावना, राष्ट्रीय एकता और भारत की समृद्ध ऐतिहासिक एवं रणनीतिक विरासत के प्रति जागरूकता पैदा करना था। यह दौरा एनसीसी आर्मी यूनिट के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल के.वाई. सिंह की उपस्थिति में आयोजित किया गया। कैडेटों ने नॉर्थ बे में विभिन्न जल क्रीड़ा गतिविधियों में भी भाग लिया।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

अंडमान निकोबार पुलिस ने 74वां स्थापना दिवस गर्व, सम्मान और उल्लेखनीय उपलब्धियों के साथ मनाया–सुर्खी देते हुए **द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार** ने इसे अपनी बड़ी खबर बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। इसके अलावा अखबार ने श्री विजयपुरम हवाई अड्डे को अधिकृत इमिग्रेशन क्लीयरेंस प्वाइंट घोषित करने के समाचार को भी प्रमुखता से प्रकाशित किया है। **द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** ने स्टीवर्टगंज में सड़क के पुनर्निर्माण के उद्घाटन के समाचार को अपने पहले पन्ने में जगह दी है। **द इको ऑफ इंडिया** मे मायाबंदर में पंचायती राज संस्थान के सदस्यों के लिए ब्लॉक स्त्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने, जबकि **इंफो इंडिया** में पशुपालन विभाग द्वारा पहली बार ब्रॉयलर नमक्कल बटेर के उत्पादन के समाचार को जगह मिली है।

<><><><><><><>